दिनांक : 12.04.2045 समय : 07.10AM

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी, भोपाल
प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :-

- राज्य स्तरीय सहकारी सम्मेलन कल, केन्द्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह भी शामिल होंगे।
- केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि यूपीआई की तरह अब एक यूनिक किसान आईडी बन रही है।
- सम्राट विक्रमादित्य पर केंद्रित महानाट्य का मंचन आज से 14 अप्रैल तक नई दिल्ली में होगा।
- प्रदेश को 15 अप्रैल तक तेज गर्मी और लू से मिली राहत।

राज्य स्तरीय सहकारी सम्मेलन

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के मुख्य आतिथ्य और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में कल रविवार 13 अप्रैल को रवीन्द्र भवन सभागार में राज्य स्तरीय सहकारी सम्मेलन होगा।

सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने मंत्रालय में सम्मेलन की तैयारियों की समीक्षा करते हुए बताया कि सम्मेलन में राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड अध्यक्ष मीनेश शाह और केन्द्रीय सहकारिता सचिव डॉ. आशीष कुमार भूटानी भी शामिल होंगे।

शिवराज देवास

केंद्रीय ग्रामीण विकास व कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कल देवास जिले के कन्नौद में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र वितरित किए। साथ ही केंद्रीय मंत्री ने जिले में विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन व लोकार्पण भी किया। इस अवसर पर श्री चौहान ने कहा कि यूपीआई की तरह अब एक यूनिक किसान आईडी बन रही है जिससे एक ही जगह किसान का पूरा रिकॉर्ड हो जायेगा।

मोदी मध्यप्रदेश

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल प्रदेश के दौरे पर थे। वे अशोकनगर जिले में स्थित ईसागढ़ स्थित आनंदपुर धाम के कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि गरीब और वंचित के उत्थान का संकल्प 'सबका साथ, सबका विकास' का मंत्र ही उनका ध्येय है। उन्होंने बताया कि हम देश में राम वन गमन पथ का विकास कर रहे हैं। इसका अहम हिस्सा मध्यप्रदेश से होकर गुजरेगा।

डीआरडीओ-गौरव

रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन-डीआरडीओ ने सुखोई-30 एमकेआई विमान से लंबी दूरी के ग्लाइड बम गौरव का सफलतापूर्वक परीक्षण किया है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, परीक्षणों में लगभग सौ किलोमीटर की दूरी तक सटीकता के साथ सफलतापूर्वक प्रदर्शन किया गया। गौरव एक हजार किलोग्राम वर्ग का ग्लाइड बम है, जिसे चांदीपुर स्थित अनुसंधान केंद्र इमारत, आयुध अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठान और एकीकृत परीक्षण रेंज द्वारा स्वदेशी रूप से डिजाइन और विकसित किया गया है।

सूचना और प्रसारण मंत्रालय - प्रतियोगिता

सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने भारतीय संगीत उद्योग के सहयोग से 32 वेव्स - 'क्रिएट इन इंडिया' चैलेंज श्रृंखला में शामिल संगीत प्रतियोगिता के विजेताओं की घोषणा की। पहला विश्व दृश्य-श्रव्य मनोरंजन शिखर सम्मेलन - वेव्स 2025 एक से 04 मई तक मुंबई में आयोजित होगा। भारत की विविध संगीत प्रतिभाओं को सामने लाने के लिए इस प्रतियोगिता में देश भर से सैकड़ों प्रविष्टियां प्राप्त हुईं। कोलकाता के कुणाल कुंडू और अल्लाप सरदार प्रतियोगिता के विजेता रहे। महाराष्ट्र से दो और तमिलनाडु से तीन प्रतियोगी उपविजेता रहे। निर्णायक मंडल में भारतीय संगीत जगत की प्रतिष्ठित हस्तियां शामिल थीं।

विक्रमोत्सव दिल्ली

सम्राट विक्रमादित्य पर केंद्रित महानाट्य का मंचन आज से 14 अप्रैल तक नई दिल्ली के माधवदास पार्क में होगा। उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ आज शाम 7 बजे विक्रमोत्सव में सांस्कृतिक उत्सव का शुभारंभ करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी इस मौके पर मौजूद रहेंगे। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने बताया कि महानाट्य सम्राट विक्रमादित्य के साथ साथ लाल क़िले पर विक्रमादित्य और अयोध्या, विक्रमादित्य क़ालीन पुरातात्विक मुद्रा मुद्रांक, वृहत्तरभारत के सांस्कृतिक वैभव, मध्यप्रदेश में पर्यटन की संभावनाओं, प्रदेश में निवेश तथा रोज़गार सृजन के अवसरों में लोकव्यापीकरण के प्रयासों पर केंद्रित प्रदर्शनियाँ भी लगाई जा रही हैं।

25वाँ अभयारण्य

सागर जिले के करीब 258 वर्ग किलोमीटर आरक्षित वन क्षेत्र को प्रदेश का 25वाँ अभयारण्य घोषित करने की अधिसूचना जारी कर दी गयी। यह अभयारण्य डॉ. भीमराव अंबेडकर के नाम से जाना जायेगा। अभयारण्य के गठन से वन एवं वन्य-प्राणियों का संरक्षण एवं संवर्धन होगा। साथ ही पारिस्थितिकीय तंत्र में खाद्य श्रृंखला सुदृढ़ होगी और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। इससे स्थानीय रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

हनुमान जयंती

आज हनुमान जयंती है। भोपाल और इंदौर से लेकर प्रदेश के तमाम मंदिरों में सुबह से ही श्री हनुमान जन्मोत्सव की धूम है। हनुमान मंदिरों में सजावट की गई है। भगवान का विशेष श्रृंगार और विशेष धार्मिक आयोजन हो रहे हैं और शोभा यात्राएँ निकली जाएँगी। न्यू मार्केट स्थित श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर में आज दोपहर 12 बजे महाआरती होगी। इंदौर के रणजीत हनुमान मंदिर को बृजधाम की तरह मंदिर को सजाया गया है। छतरपुर के बागेश्वर बालाजी हनुमान मंदिर प्रातःकालीन महाआरती की जाएगी। भिंड के दंदरौआ धाम के सखी हनुमान मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ पहुंचने लगी है। शिवपुरी, खंडवा और धार जिले में भी आज भगवान हनुमान जन्मोत्सव श्रद्धा, भक्ति के साथ हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है।

जिले में भी आज भगवान हनुमान जन्मोत्सव श्रद्धा, भक्ति के साथ हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है।

मौसम

प्रदेश को 15 अप्रैल तक तेज गर्मी और लू से राहत मिल गयी है। मौसम विभाग ने अगले 4 दिन बारिश, ओले, आंधी और गरज-चमक की संभावना व्यक्त की है। इससे पहले ग्वालियर समेत कई शहरों में बारिश हुई, जबकि भोपाल में बादल छाए रहे। आज पांढुर्णा, सिवनी, मंडला और बालाघाट में ओले गिर सकते हैं। वहीं, भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर, नर्मदापुरम, उज्जैन, रीवा, शहडोल, सागर संभाग के 31 जिलों में तेज आंधी चलने और बारिश होने का अनुमान है। इससे दिन-रात के पारे में गिरावट में भी देखने को मिलेगी।

आईपीएल क्रिकेट

इंडियन प्रीमियर लीग-आईपीएल क्रिकेट में प्रतियोगिता में आज लखनऊ में दोपहर बाद साढ़े तीन बजे गुजरात टाइटन्स का सामना लखनऊ सुपरजायंट्स से होगा।

समाचार संक्षेप में ......

- इंदौर जिले में मुख्यमंत्री कन्या और निकाह योजना के तहत सामुहिक विवाह 30 अप्रैल, 28 मई, 25 नवम्बर, 10 फरवरी तथा 12 मार्च को होंगे।
- इंदौर में आज से तीन दिवसीय 17वें भारतीय पत्रकारिता महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। 9 सत्रों में आयोजित इस महोत्सव का विषय है “एआई और परिवर्तन-2047“।
- पन्ना जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत कुंजवन में नगर पालिका परिषद एवं जन अभियान परिषद द्वारा जल संरक्षण का कार्य किया गया।
- रायसेन में कलेक्टर ने जिले में शासकीय स्कूलों में शिक्षा के स्तर को और अधिक बेहतर बनाने के लिए आयोजित बैठक में दिशा-निर्देश भी दिए।
- डिंडोरी में कलेक्टर नेहा मारव्या ने म.प्र. ग्रामीण आजीविका भवन शहपुरा में पंचायत सचिव, ग्राम रोजगार सहायक, महिला बाल विकास सुपरवाइजर, सहायिकाओं की समीक्षा बैठक ली।
- निवाड़ी में बढ़ते कदम प्रोजेक्ट के अंतर्गत 26 हायर सेकेण्डरी और 01 हाई स्कूल सहित कुल 27 विद्यालयों में स्मार्ट क्लास एवं ई-लाइब्रेरी स्थापित की गई हैं।

- रीवा कमिश्नर बी. एस. जामोद ने वी.सी. के माध्यम से ललितपुर सिंगरौली रेलवे लाइन के भू अर्जन के साथ साथ रेलवे लाइन के लिए किए जा रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा की।
- नर्मदापुरम के विकासखंड सिवनी मालवा के ग्राम पंचायत हिरण खेड़ा में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल बचाव शपथ और जल संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

-------